# आशीर्वाद | By Pramod Tripathi

तुम्हारी रहमत की सदा है
तुम्ही से रोशन मेरा जहाँ है
तू ही सहारा तुमसे गुज़ारा
होते तुम्हारे ना कोई कमी है
बाबा ..........
बाबा ..........

तुम्हे भला हम कैसे भुला दे
सुनी हैं तुमने सारी मुरादें
तुम्ही हो दाता तुम्ही रहोगे
तुम्हारे दर से लौ लगी है
ये सब तुम्हारा करम मेरे बाबा
जो बात अब तक बानी हुई है

मेरी हर ख्वाइश प्रभु तुमने कहे बिन जान ली
बारिशों के बीच आँखों की नमी पहचान ली
बिसारा तुमने हर खता को
दिया ठिकाना भूलू ना दर को
झोली में डाली खुशियां जहाँ की
तुमसे लगी अब ये बंदगी है
ये सब तुम्हारा करम मेरे बाबा
जो बात अब तक बानी हुई है

है तेरी रहमत प्रभु मुझको दिया जो आसरा
मेरे खाली मन का गागर तूने खुशियों से भरा
ये शानो शौकत तेरी बदौलत
तुम्ही से पूरी सारी ज़रूरत
तेरे चलाये चलती हैं सांसें
तूने सँवारी ये ज़िन्दगी है
ये सब तुम्हारा करम मेरे बाबा
जो बात अब तक बानी हुई है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%b6%e0%a5%80%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a6-by-pramod-tripathi/